Dainik Bhaskar, 27/11/2025, Thursday

बिट्स पिलानी में हुई ब्रिजिंग द वैली विषय पर इंडस्ट्री अकादमिक मीट, पोस्टर प्रस्तुतियां भी

पिलानी. बिट्स पिलानी परिसर में हुए कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

पिलानी | बिट्स पिलानी परिसर फार्मेसी विभाग द्वारा बिट्स टेक्नोलॉजी इनएबलिंग सेंटर और इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से हेल्थकेयर इनोवेशन और सामाजिक प्रभाव में ब्रिजिंग द वैली विषय पर आधारित इंडस्ट्री अकादमिक मीट का आयोजन किया। अकादमिक जगत, उद्योग और अनुसंधान क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ एकत्र हुए जिन्होंने फार्मास्यूटिकल सेक्टर में हो रहे अत्याधुनिक विकास और नवाचारों को वास्तविक स्वास्थ्य सेवाओं में परिवर्तित करने की व्यावहारिक रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत जे.सी. चौधरी एनएबी ऑडिटोरियम में उद्घाटन समारोह से हुई। डॉ. वीरेंद्र त्रिपाठी चेयरमैन, प्रो. बद्री नागौरी सह-संस्थापक, चंदर सिंह बोहरा, डॉ. रोहित चक्रवर्ती तथा डॉ. आरती ठक्कर विशिष्ट अतिथि रहे। कर्नल सौम्यव्रत चक्रवर्ती (रजिस्ट्रार) एवं प्रो. एन.वी.एम. राव (डीन, प्रशासन), बिट्स पिलानी की उपस्थिति भी रही।

फार्मेसी विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव तलियान ने विभाग की समृद्ध विरासत और पिछले वर्षों में प्राप्त उल्लेखनीय उपलब्धियों का उल्लेख किया। डॉ. रोहित और बोहरा ने नवाचार के महत्व पर बल दिया। उद्घाटन सत्र के पश्चात आकर्षक मौखिक एवं पोस्टर प्रस्तुतियां हुईं। वैज्ञानिक सत्रों के समापन पर सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति और सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार प्रदान किए गए।